भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 1621

सोमवार, 3 अगस्त, 2026 (12 श्रावण, 1948 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

तमिलनाडु के तंजावुर हवाई अड्डे पर सिविल एन्क्लेव परियोजना

1621. श्री एस. कल्याणसुन्दरमः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केंद्र सरकार ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा यात्री टर्मिनल डिज़ाइन को हाल ही में स्वीकृति मिलने के बाद, तमिलनाडु के तंजावुर एयरपोर्ट पर प्रस्तावित सिविल एन्क्लेव परियोजना की प्रगति की समीक्षा की है;

(ख) निर्माण की वर्तमान स्थिति, वैधानिक स्वीकृतियाँ और सिविल एन्क्लेव के प्रचालन के लिए भारतीय वायु सेना के साथ तालमेल की क्या स्थिति है;

(ग) क्या तंजावुर विमानपत्तन को उड़ान योजना के अंतर्गत शामिल करने का प्रस्ताव है और संभावित हवाई मार्ग कौन-कौन से होंगे; और

(घ) परियोजना की लागत, स्वीकृत और जारी की गई धनराशि और वाणिज्यिक यात्री उड़ान संचालन शुरू होने की समय-सीमा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (घ): तंजावुर हवाईअड्डे का स्वामित्व और संचालन भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के पास है। क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस)-उड़ान के तहत बोली प्रक्रिया के दूसरे चरण के दौरान इस हवाईअड्डे को विकास और उड़ान परिचालनों के लिए चिह्नित किया गया था।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने टर्मिनल भवन, एप्रोन, लिंक टैक्सी ट्रैक और कार पार्किंग सुविधाओं से युक्त सिविल एन्क्लेव के विकास का प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। तथापि, तंजावुर हवाईअड्डे की तिरुचिरापल्ली हवाईअड्डे से निकटता (लगभग 40 किमी हवाई दूरी) के दृष्टिगत, प्रस्तावित सिविल एन्क्लेव परियोजना को प्रचालनात्मक रूप से व्यवहार्य नहीं पाया गया है और इसलिए, इसे वर्तमान के लिए स्थगित कर दिया गया है।

******